# हिन्दी प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 24 जून 2025, समय 13:05 (5 मिनट)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में अवैध खनन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए खनन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं।

कल चंडीगढ़ में खनन एवं भू विज्ञान विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी सुनिश्चित करने और अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा। बैठक में खनन एवं भू विज्ञान मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार भी मौजूद रहे।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए 1400 करोड़ रुपये के राजस्व प्राप्त करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।खनन एजेंसियों से राज्य सरकार को समय पर राजस्व प्राप्त हो, इसके लिए आगामी तीन महीनों में बकाया राशि की पूर्ण वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी खनन एजेंसी का एक माह का भी बकाया नहीं रहना चाहिए। बकाया होने की स्थिति में एजेंसी को नोटिस जारी किया जाए, यदि उसके बाद भी वह बकाया राशि जमा नहीं करवाते तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने एक उच्च स्तरीय समिति के गठन के निर्देश भी दिए जो निलंबित खानों के कारणों और आगे की कार्रवाई पर रिपोर्ट देगी।

*************************************************************

हरियाणा सरकार राज्य में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों में वाहन स्थान ट्रैकिंग डिवाइस, वीएलटीडी लगाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में हुई परिवहन विभाग की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना को समयबद्ध ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस प्रणाली को आपातकालीन प्रणाली 112 सेवा के साथ एकीकरण भी किया जाए।

वीएलटीडी प्रणाली केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्भया फ्रेमवर्क के अंतर्गत विकसित की गई है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुरक्षित, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, जो वास्तविक समय, स्थान डेटा और आपातकालीन चेतावनी सुविधाएं प्रदान करती है।

मुख्यमंत्री ने स्कूली वाहनों की फिटनेस की निगरानी के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल बसों की नियमित जांच हो। उन्होंने नियमित अंतराल पर रोडवेज के ड्राइवरों से मेडिकल सर्टिफिकेट लेने को कहा।

*************************************************************

संविधान हत्या दिवस कल मनाया जाएगा। यह दिन 25जून 1975 को भारत के संविधान को कुचलने की घटनाओं की याद दिलाता है। इस दिवस पर उनसभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंनेआपातकाल की ज्यादतियों के कारण कष्ट झेले। यह भारतीय इतिहास का सबसे काला समय था।इस दिन उन सभी लोगों के योगदान को भी याद किया जाता है, जिन्होंने आपातकाल के अमानवीय दर्द कोसहन किया था। एक रिपोर्ट-बाइट - अनुपम मिश्र (0:47 सेकंड) पिछले साल सरकार ने 25 जून को संविधानहत्या दिवस के रूप में घोषित किया था, ताकि आपातकाल के दौरान सत्ता के घोरदुरुपयोग के खिलाफ लड़ने वाले सभी लोगों के महान योगदान को याद किया जा सके औरभारत के लोगों को भविष्य में सत्ता के ऐसे घोर दुरुपयोग का समर्थन न करने के लिएप्रतिबद्ध किया जा सके। 25 जून 1975 को एक तानाशाही मानसिकता दिखाते हुए तत्कालीनइंदिरा गांधी सरकार ने 18 महीने के लिए देश पर आपातकाल थोप दिया था। लाखों लोगोंको बिना किसी गलती के सलाखों के पीछे डाल दिया गया और मीडिया की आवाज़ को खामोश करदिया गया। संविधान हत्या दिवस का उद्देश्य उन लाखों लोगों की भावना को सम्मानकरना है, जिन्होंने एक दमनकारी सरकार के हाथों अकथनीय उत्पीड़न का सामनाकरने के बावजूद, लोकतंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए संघर्षकिया। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

*******************************************************************

सरकार ने एकीकृत पेंशन योजना के लिए विकल्प चुनने की अंतिम तिथि को तीन महीने बढ़ाकर इस वर्ष 30 सितंबर तक करने का निर्णय लिया है। यह अंतिम तिथि पात्र केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और मृतक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कानूनी रूप से विवाहित जीवनसाथी पर लागू होगी।

********************************************************************

लोकसभा व विधानसभा चुनावों में हारने के बाद जननायक जनता पार्टी अबनए सिरे से संगठन खड़ा कर रही है। जिसको लेकर 15 जुलाईतक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर जेजेपी नेता नैना चौटालाआज भिवानी जिला के सबसे बड़े गांव धनाना पहुंची और कई महिलाओं को जेजेपी में शामिलकिया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में श्रीमती नैना चौटाला ने माना की लोकसभा वविधानसभा चुनाव में जेजेपी का घोर विरोध था। लेकिन उन्होंने इस विरोध के लिएकांग्रेस व भाजपा को जिम्मेदार ठहराया।

****************************************************************

अग्निवीर भर्ती के लिए. चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, भिवानी और रेवाड़ी के ऑनलाइन पंजीकृत उम्मीदवारों की प्रवेश परीक्षा 30 जून से 10 जुलाई तक ली जाएगी। चरखी दादरी में सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल के. संदीप ने बताया कि पंजीकृत अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड www.joinindianarmy.nic.in वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं । परीक्षा केंद्र का नाम, पता, रिपोर्टिंग तिथि और समय का एडमिट कार्ड में उल्लेख किया गया है। परीक्षा के दिन अभ्यर्थी के लिए अपने सभी अनिवार्य मूल दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है।

*****************************************************************